Total No. of Printed Pages : 7

Total No. of Questions : 7

**(11)- XI(NS)-40003(01)**

# HINDI

**( Group – A )**

***( New Syllabus )***

**2020**

*Time : 3 Hours 15 Minutes ]* *[ Full Marks : 80*

✪ ***Special credit will be given for answers which are brief and to the point. Marks will be deducted for spelling mistakes, untidiness and bad handwriting. Figures in the margin indicate full marks for the questions.***

1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर नीचे दिए गए विकल्पों में से चुनकर लिखिए :

**खण्ड – क, ख** तथा **ग** के सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

**खण्ड – क** 1 × 9 = 9

**खण्ड – ख** 1 × 6 = 6 } कुल अंक = 20

**खण्ड – ग** 1 × 5 = 5

**खण्ड – क**

i) 'उत्कर्ष की ओर उन्मुख समष्टि का चैतन्य अपने ही घर से बाहर कर दिया गया ।' – 'समष्टि का चैतन्य' किसे कहा गया है ?

(क) सीता (ख) लक्ष्मण

(ग) राम (घ) हनुमान ।

ii) 'भूख से मर गया पर चोरी नहीं की ।' — किसने ?

(क) हरिशंकर परसाई (ख) कुत्ता

(ग) संसद का नेता (घ) भगवान ।

iii) 'उनमें से एक यह है कि समय ही धन है' — वक्ता कौन है ?

(क) अज्ञेय (ख) मनीषा कुलश्रेष्ठ

(ग) विद्यानिवास मिश्र (घ) मुंशी प्रेमचन्द ।



http://www.wbbseonline.com

Scanned with CamScanner

iv) 'ये युवा हमें वृद्धाश्रम के अलावा क्या देंगे ?' — प्रस्तुत कथन के वक्ता कौन हैं ?

(क) लेखिका (ख) डॉक्टर

(ग) डॉक्टर की पत्नी (घ) डॉ० रशीद ।

v) 'मैं नर्क से बोल रहा हूँ' किस विधा की रचना है ?

(क) नाटक (ख) कहानी

(ग) निबंध (घ) रेखाचित्र ।

vi) 'बल्कि तरीका तो यही एक है, क्योंकि वह व्यवस्थित तरीका है ।' — इस पंक्ति के रचयिता कौन हैं ?

(क) विद्यानिवास मिश्र (ख) मुंशी प्रेमचन्द

(ग) अज्ञेय (घ) भुवनेश्वर प्रसाद ।

vii) 'हमको हमारा मम्मी बोला इन्सान का सेवा ही यीशू का सेवा है ।' — प्रस्तुत कथन का वक्ता कौन है ?

(क) रोज़र (ख) लीज़ा

(ग) कीथ (घ) डॉ० रशीद ।

viii) पठित पाठ के आधार पर बताइए कि बौद्ध धर्म ने कहाँ जन्म ग्रहण किया —

(क) श्रीलंका (ख) उत्तर भारत

(ग) पूर्व भारत (घ) चीन ।

ix) 'रूई के गालों में रखकर तो मैंने पाला है ।' — प्रस्तुत कथन किस पाठ से लिया गया है ?

(क) आजादी की नींद (ख) बिगड़ैल बच्चे

(ग) बहता पानी निर्मला (घ) महाजनी सभ्यता ।



http://www.wbbseonline.com

Scanned with CamScanner

## खण्ड – ख

i) 'तू मोही को मारन सीखी' — वक्ता और श्रोता कौन हैं ?

(क) यशोदा - बलराम (ख) कृष्ण - यशोदा

(ग) नंद - कृष्ण (घ) यशोदा - कृष्ण ।

ii) 'ताहि अहीर की छोहरियाँ,

छछिया भरि छाछ पै नाच नचावै ।'

— प्रस्तुत पंक्ति की भाषा क्या है ?

(क) ब्रजभाषा (ख) अवधी

(ग) खड़ीबोली (घ) भोजपुरी ।

iii) 'साँझ तें भोर लौं तारनि ताकिबो तारनि सों इकतार न टारति' — कौन तारों को लगातार देखता रहता है ?

(क) सीता (ख) उर्मिला

(ग) यशोधरा (घ) गोपिका ।

iv) 'तपस्वी के विराग की प्यार' — किसके लिए कहा गया है ?

(क) धूप (ख) वर्षा

(ग) यमुना नदी (घ) वरूणा नदी ।

v) 'जीवन में मधु का प्याला था,

तुमने तन-मन दे डाला था'

— प्रस्तुत काव्यांश किस वाद से सम्बन्धित है ?

(क) मार्क्सवाद (ख) छायावाद

(ग) हालावाद (घ) इनमें से कोई नहीं ।

vi) 'कई दिनों तक चूहों की भी हालत रही शिकस्त ।'

— चूहों की हालत खराब क्यों थी ?

(क) बाढ़ के कारण (ख) भूकम्प के कारण

(ग) सुनामी के कारण (घ) अकाल के कारण ।



http://www.wbbseonline.com

Scanned with CamScanner

## खण्ड – ग

i) हिन्दी का प्रथम महाकवि किसे माना जाता है ?

(क) दलपत विजय (ख) चंदवरदाई

(ग) नरपति माल्ह (घ) जगनिक ।

ii) 'पहेलियाँ एवं मुकरियाँ' विधा के लिए प्रसिद्ध हैं

(क) विद्यापति (ख) मतिराम

(ग) अमीर खुसरो (घ) बिहारी ।

iii) रहीम का पूरा नाम क्या है ?

(क) अब्दुल रहमान (ख) सैयद इब्राहिम

(ग) अब्दुर्रहीम खानखाना (घ) सैयद रहीम ।

iv) 'अष्टछाप के जहाज' कहे जाते थे

(क) सूरदास (ख) कुंभनदास

(ग) नन्ददास (घ) छीतस्वामी ।

v) रीतिकालीन वीररसात्मक काव्य रचने वाले कवि हैं

(क) बिहारी (ख) केशवदास

(ग) मतिराम (घ) भूषण ।

2. निम्नलिखित लघूत्तरीय प्रश्नों के उत्तर अधिकतम 30 शब्दों में लिखिए । प्रथम प्रश्नांश के लिए **एक** वाक्य तथा दूसरे प्रश्नांश के लिए **दो** वाक्यों का प्रयोग कीजिए :

क) निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **तीन** के उत्तर लिखिए : $2 \times 3 = 6$

i) 'मन कितना बँटा हुआ है, मनचाही और अनचाही दोनों तरह की हजार चीजों में ।'

पाठ का नाम लिखिए । इस पंक्ति का आशय स्पष्ट कीजिए ।

ii) 'तू आदमी कहलाने वाला, हाय-हाय करके मर गया ।'

प्रस्तुत कथन के वक्ता कौन हैं ? लेखक का नाम बताइए ।



http://www.wbbseonline.com

Scanned with CamScanner

iii) 'गहनों से लदकर कोई स्त्री सुन्दरी नहीं बनती, घृणा की पात्र बनती है ।'

यहाँ किस समाज व्यवस्था का उल्लेख है ? इस पंक्ति का आशय स्पष्ट कीजिए ।

iv) "उसका काँटा अभी तक सालता ही है ।"

इस कथन के वक्ता का पूरा नाम लिखिए । यहाँ किस काँटे के बारे में कहा गया है ?

v) 'मैंने अपने बेटे-बेटी को वहुत संयम और कठोर अनुशासन में पाला है ।'

इस अंश के पाठ का नाम लिखिए । इस पंक्ति का आशय स्पष्ट कीजिए ।

vi) 'अब तुम्हें कोई फैसला करने की जरूरत नहीं है ।'

प्रस्तुत कथन के वक्ता का क्या नाम है ? वह ऐसा क्यों कहते हैं ?

ख) निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो के उत्तर लिखिए : $2 \times 2 = 4$

i) मोहन बेनु बजावत तुम-तर, साखा टेकि खरे ।

प्रस्तुत पंक्ति के रचयिता का नाम बताइए । पंक्ति का आशय स्पष्ट कीजिए ।

ii) "तुम्हारी कुटिया में चुपचाप,

चल रहा था उज्जवल व्यापार" —

'तुम्हारी' से कवि किसे संबोधित करते हैं ? 'उज्जवल व्यापार' में निहित अर्थ स्पष्ट कीजिए ।

iii) जीवन में एक सितारा था,

माना, वह बेहद प्यारा था ।

सितारे का क्या परिणाम हुआ ? उसके साथ जो हुआ क्या वह सृष्टि के नियमों के विपरीत था ?

iv) 'दाने आए घर के अंदर कई दिनों के बाद'

प्रस्तुत अंश के रचनाकार कौन हैं ? दाने घर के अंदर आने के पहले और बाद में क्या-क्या हुआ ?



http://www.wbbseonline.com

Scanned with CamScanner

3. निम्नलिखित में से किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर 150 शब्दों में लिखिए : 5 × 3 = 15

i) 'मेरे राम का मुकुट भींग रहा है' निबन्ध के उद्देश्य को प्रकट कीजिए ।

ii) 'तमाम दीवालें आदमियों ने खड़ी की है और तू उन्हें तोड़ने में पाप-पुण्य देखता है ।' — इस कथन के द्वारा लेखक हम पाठकों तक क्या संदेश सम्प्रेषित करना चाहते हैं ?

iii) 'महाजनी सभ्यता' निबन्ध में व्यक्त लेखक के विचारों को संक्षेप में लिखिए ।

iv) " 'जीने की कला' सबसे पहले एक से दूसरे स्थान पर जाने की कला है" — इस कथन के माध्यम से लेखक के जीवन-दर्शन पर प्रकाश डालिए ।

v) 'आजादी की नींद' एकांकी के शीर्षक का औचित्य सिद्ध कीजिए ।

4. निम्नलिखित में से किसी **एक** खण्ड के **दोनों** प्रश्नों के उत्तर लिखिए ( प्रत्येक उत्तर अधिकतम 150 शब्दों में ) : 5 × 2 = 10

**खण्ड – क**

i) पठित अंश के आधार पर सूरदास की काव्यगत विशेषताओं को अपने शब्दों में लिखिए ।

ii) निम्नलिखित पद्यांश का ससंदर्भ अर्थ स्पष्ट कीजिए :

आज कितनी शताब्दियों बाद,
उठी ध्वंसों में वह झंकार ।
प्रतिध्वनि जिसकी सुने दिगंत,
विश्व वाणी के बने विहार ।

**खण्ड – ख**

i) 'जो बीत गई सो बात गई' कविता के मूलभाव को अपने शब्दों में लिखिए ।

ii) निम्नलिखित पद्यांश का काव्य सौन्दर्य स्पष्ट कीजिए :

मानुष हौं तो वही रसखानि बसौं ब्रज गोकुल गाँव के ग्वारन।
जौ पसु हौं तो कहा बस मेरो चरौं नित नन्द की धेनु मंझारन ।।

5. किसी **एक** प्रश्न का उत्तर 200 शब्दों में लिखिए : 5 × 1 = 5

क) आदिकाल की प्रमुख प्रवृत्तियों पर प्रकाश डालिए ।

ख) किन्हीं **दो** पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए :

कबीर, केशवदास, रामचरित मानस, बिहारी सतसई ।



http://www.wbbseonline.com

Scanned with CamScanner

6. किन्हीं **पाँच** प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 2 × 5 = 10

क) उपसर्ग पृथक कीजिए :

संरक्षण, परतंत्र ।

ख) वाक्य प्रयोग द्वारा लिंग निर्धारित कीजिए :

उत्सव, सड़क ।

ग) वचन बदलिए :

तमाशे, प्राणी ।

घ) निर्देशानुसार वाक्य परिवर्तन कीजिए :

i) मैंने अलवर आता देख पर्स संभाला । ( मिश्र वाक्य में )

ii) पर यहाँ भी हम किसी को दोषी नहीं ठहरा सकते । ( प्रश्नवाचक वाक्य में )

ङ) शुद्ध करके लिखिए :

i) पंछी पिंजरा खाली किया ।

ii) इन्हीं जंगल के आसपास किसी टेकरी पर राम का पर्णकुटी है ।

च) प्रत्यय पृथक कीजिए :

आर्थिक, नीरसता ।

7. किसी **एक** विषय पर 350 शब्दों में निबंध लिखिए : 10 × 1 = 10

क) लोकतंत्र में चुनाव का महत्व ।

ख) मजहब नहीं सिखाता आपस में बैर रखना ।

ग) ग्लोबल वार्मिंग : उबलता - पिघलता सच ।

घ) राष्ट्र निर्माण में नारी का योगदान ।

http://www.wbbseonline.com

Scanned with CamScanner